1

पाठ्यक्रम आधारित अधिगम उद्देश्य एवं उन्हें प्राप्त करने के चरण

प्रस्तावना

सतत एवं व्यापक आकलन की योजना के अन्तर्गत कक्षावार पाठ्यक्रम के अधिगम उद्देश्यों के सापेक्ष सीखने–सिखाने के चरणों को मुख्य रूप से दो भागों में बाँटा गया है। जिसमें से पहला भाग पाठ्यक्रम विभाजन की टर्म–1 व 2 के सापेक्ष है तथा दूसरा भाग पाठ्यक्रम विभाजन की टर्म 3 व 4 के सापेक्ष है। ऐसा इसलिए सोचा गया है कि एक कक्षा के पाठ्यक्रम को चार स्तरों पर सभी विषयों में यांत्रिक रूप से तोड़ पाना व्यावहारिक नहीं होगा। इसलिए दो भागों में विभाजन कक्षा की शुरुआत व आखिरी भाग के रूप में समझकर इसे व्यावहारिक बना सकते हैं। यह विचार व्यावहारिक रूप में सम्भव भी हो पाता है। शिक्षण व आकलन में समग्रता को समाहित करने के लिए पाठ्यक्रम का अधिक भागों में विभाजन अवरोध पैदा करता है।

अधिगम उद्देश्य

- किसी भी आकृति/चीज़ को ऊपर से, सामने से एवं साइड से देखने पर कैसी दिखेगी ? इसे समझ के साथ विजुअलाइज़ कर सकें।
- द्विआयामी एवं त्रिआयामी चीज़ों का वर्गीकरण विविध प्रकार से कर सकें तथा पृष्ठीय विकास द्वारा इनके अंतर्संबंध को समझ सकें।
- सममिति की समझ बना सकें तथा सममित अक्ष के विचार को समझ सकें।
- नज़री नक्शे को पढ़ने, बनाने एवं विश्लेषित करने की समझ बना सकें।
- इकाई, दहाई व सैंकड़े के अंतर्संबंध को समझ सकें तथा 999 तक की संख्याओं को पढ़ने, निरूपित करने एवं तुलना करने की समझ बना सकें।
- देवनागरी अंकों से संख्याओं को बनाने, पढ़ने एवं लिखने की समझ बना सकें।
- दो व तीन अंकों की संख्याओं का हासिल का जोड़–घटाव की समझ बना सकें तथा हासिल के जोड़–घटाव की ड्रिल्स हल कर सकें।
- देवनागरी अंकों में चारों संक्रियाएँ कर सकें तथा वैदिक गणित की समझ बना सकें।

- गुणा की समझ बना सकें तथा 2 से 10 तक पहाड़े लिख व सुना सकें।
- जोड़, बाकी एवं गुणा की दैनिक जीवन की समस्याएँ हल कर सकें एवं बना सकें।
- विविध भौतिक राशियों पर आधारित दैनिक जीवन की समस्याएँ मानक इकाइयों में हल कर सकें।
- भिन्न की अवधारणात्मक समझ बना सकें तथा इनका निरूपण कर सकें।
- संख्या एवं संक्रियाओं के विविध प्रकार के पैटर्न खोजकर आगे बढ़ा सकें।
- परिवेशीय आँकड़ों को संकलित करने, व्यवस्थित करने एवं निरूपित करने की समझ बना सकें।

सीखने–सिखाने के क्रमिक चरणों पर आधारित

टर्म–1 व 2 के लिए –

- कार, मोटर, पानी की टंकी आदि अपेक्षाकृत बड़ी चीज़ों को विविध दिशाओं से विजुअलाइज़ करना।
- त्रिआयामी आकृतियों के आधार पर चीज़ों का वर्गीकरण करना। जैसे– गेंद, बर्फी कीप, ड्रम, पापड़, कागज, व चूड़ी इत्यादि जैसी चीज़ें।
- त्रिआयामी आकृति जैसे घन, घनाभ, बेलन, गोला एवं शंकु में समझ के साथ अन्तर कर सकें एवं इन आकृतियों के द्विआयाम में पृष्ठीय विकास करना।
- द्विआयामी आकृतियों के गुण पहचान करना जैसे– किनारे व कोने।
- भारतीय (देवनागरी) संख्याओं को पहचानने, पढ़ने, लिखने तथा मात्रा बोध की समझ बनाना।
- भारतीय (देवनागरी) अंकों से निर्मित संख्याओं पर आधारित जोड़–घटाव के दैनिक जीवन के प्रश्न समझकर हल करना।
- इकाई, दहाई व सैंकड़े की समझ से 500 तक की संख्या बनाना। किसी भी संख्या में इकाई, दहाई व सैंकड़ा की संख्या समझ के साथ बता पाना।
- 500 तक की संख्याओं को विस्तार एवं विस्तारित रूप में तथा अंकों से शब्दों व शब्दों से अंकों में लिख पाना।
- बोली गई संख्या को सुनकर बता पाना एवं किसी संख्या की पहले–बाद संख्या लिख एवं बता पाना।
- 500 तक की संख्याओं को क्रम से लिख पाना।
- दो अंकों की संख्याओं का हाँसिल व बिना हाँसिल का जोड़ना, उधार व बिना उधार का घटाना स्थानीयमान की समझ बनाते हुए हल कर पाना।
- प्रचलित कलन विधि से समझ के साथ सवाल हल कर पाना तथा दैनिक जीवन की जोड़–घटाव पर आधारित समस्याओं को समझ के साथ हल कर पाना।
- दो अंकों की संख्याओं का भारतीय (देवनागरी) अंकों के साथ जोड़–घटाव कर पाना।
- जोड़ एवं घटाव एक दूसरे की विपरीत क्रिया,'' के रूप में सवालों को समझ पाना।
- इकाई में इकाई के गुणा एवं दहाई में इकाई के गुणा कर पाना तथा यह समझा पाना कि गुणन क्रिया में बार–बार जोड़ना हो रहा है एवं गुणा करने पर मात्रा बढ़ती है।
- गुणा पर आधारित दैनिक जीवन की समस्याएँ हल कर पाना तथा दो से दस तक के पहाड़ों की समझ बना पाना जैसे– पहाड़े बनाना एवं याद करना।
- बराबर–बराबर बँटवारे की समझ बना पाना।

- बराबर–बराबर समूहों में बाँटने के संदर्भ से भाग की अवधारणा की समझ बना पाना तथा एक ही संख्या को बार–बार घटाने के संदर्भ में भाग के दूसरे अर्थ को समझ पाना।
- देवनागरी के अंकों का गुणा व भाग कर पाना।
- वैदिक गणित का प्रयोग कर एकाधिक एक न्यून की अवधारणा से जोड़ एवं घटाव कर पाना।
- मुद्रा की इकाइयों में समझ के साथ लेन–देन कर पाना तथा बिल पढ़ने, बनाने एवं मुद्रा पर आधारित दैनिक जीवन की समस्याएँ समझ कर हल कर पाना।
- 100 रू का खुल्ला किस–किस प्रकार बन सकता है बता पाना।
- खरीद तथा बिक्री दैनिक जीवन में खरीदी–बिक्री के अनुभव आधारित सवाल (जोड़ एवं घटाव) हल कर पाना।
- समय के मापन की अवधारणा का परिचय वर्ष के महीनों व सप्ताह के दिनों के नाम बता पाना।
- कैलेण्डर से दिन तथा दिनांक बता पाना।
- आकृति तथा बनावट के आधार पर पैटर्न पहचान पाना तथा आकृति व बनावट के आधार पर नए पैटर्न बना पाना।
- जोड़–घटाव के आधार पर सैंकड़े तक की संख्याओं में पैटर्न पहचानने एवं पैटर्न को आगे बढ़ा पाने तथा नये पैटर्न बनाने की समझ।

टर्म–3 व 4 के लिए –

- सममित वस्तुओं को पहचान पाना, सममित अक्ष को खोज पाना, एक वस्तु में एक से अधिक सममित अक्ष खोज कर बता पाना एवं सममिति के आधार पर चित्र बनाने की समझ बनाना।
- टॉप व्यू/साइड व्यू शब्दों की समझ बना पाना।
- किसी जगह/कार/बस/घर आदि के टॉप व्यू/साइड व्यू से समझ के साथ परिचित हो पाना। वस्तुओं के टॉप व्यू/साइड व्यू के चित्र बना पाना।
- पूर्ण संख्या को बराबर हिस्सों के बँटवारे के संदर्भ में समझ पाना।
- बराबर बँटवारे के संदर्भ से अपूर्ण संख्या में हिस्सा पाव, आधा सवा तथा ढाई जैसे शब्दों की मदद से हिस्सा बता पाना।
- चित्र में आधा चौथाई, ढाई आदि बता/दर्शा पाना।
- कम व ज्यादा भार एवं धारिता का अन्तर कर पाना व चार पाँच वस्तुओं को भार एवं धारिता के आधार पर क्रम से जमा पाना।
- समान मानक की आवश्यकता क्यों पड़ी यह समझें।
- धारिता की तुलना समान अमानक इकाई के आधार पर कर पाना।
- असमान एवं अमानक इकाइयों से लम्बाई मापन में आने वाली समस्याओं को हल कर पाना। जैसे बालिश्त, कदम आदि से समान मानक की आवश्यकता क्यों पड़ी यह समझें।
- कम व ज्यादा क्षेत्रफल का अन्तर कर पाना तथा क्षेत्रफल का अनुमान लगाकर बता पाना।
- आसपास के अवलोकन से कुछ सूचनाओं व जानकारियों को एकत्रित कर पाना तथा आँकड़ों को व्यवस्थित करने के लिए टेली चिह्न लगा पाना।
- दिए गए पिक्टोग्राफ से जरूरी सूचनाएँ पता लगा पाना।

2

योगात्मक आकलन टूल निर्माण ब्लूप्रिंट

प्रस्तावना

आकलन सीखने–सिखाने की प्रक्रिया का अभिन्न अंग है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि आकलन के बगैर सीखना–सिखाना संभव नहीं है। अतः इसी विचारधारा के अनुरूप दो प्रकार के आकलनों की बात राज्य सरकार की सतत एवं व्यापक आकलन की स्कीम में की जाती है। जिसमें पहला रचनात्मक आकलन है जोकि सीखने–सिखाने की प्रक्रिया में अंतर्गुथित है जोकि कक्षा–कक्षीय प्रक्रिया में निरंतर होता रहता है तथा दूसरा योगात्मक आकलन है जो एक निश्चित अवधि के उपरांत बच्चे की शैक्षिक उपलब्धि का आकलन करता है।

इन दोनों ही प्रकार के आकलनों के लिए एक तार्किक फ्रेमवर्क द्वारा निर्मित व्यवस्था को काम में लिया जाता है तो सीखने–सिखाने को बहुत हद तक उपयुक्त एवं आवश्यक बनाया जा सकता है। इसके लिए आकलन की एक टैक्सॉनामि को काम में लिया जाता है। जिसके अनुरूप तार्किक फ्रेमवर्क (ब्लूप्रिंट) का एक स्वरूप नीचे दिया गया है तथा इस फ्रेमवर्क के अनुसार एक टर्म का लिखित आकलन के लिए योगात्मक आकलन के टूल को भी संरचित किया गया है।

आपको भी इसी तरह योगात्मक आकलन के लिए टूल की संरचना करनी होगी। जिसके लिए विभिन्न प्रकार के प्रश्नों का संग्रह (Test Item Pool) आगे दिया गया है। इस संग्रह में अधिगम क्षेत्रवार प्रश्नों के संग्रह को एक टर्म में आए अधिगम क्षेत्रों के सापेक्ष रखा गया है। बुनियादी क्षमताओं के सापेक्ष प्रश्नों के संग्रह को सभी टर्म में नहीं रखा गया है, क्योंकि अनावश्यक दोहरान पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या को ही बढ़ाता। इसलिए यह ध्यान आपको रखना होगा कि आप किस टर्म की या किस कक्षा की बुनियादी क्षमताओं पर आधारित आइटम अपने आकलन टूल में रखना चाहते हैं, उनका चयन उस भाग से कर लिया जाएगा।

द्वितीय योगात्मक आकलन टूल निर्माण ब्लूप्रिंट

क्र. सं.	आकलन के क्षेत्र	प्रश्नों के प्रकार		
		याद रखना	समझना	अनुप्रयोग करना
1.	आकृति एवं स्थान की समझ	14	-	-
		-	2	4
		-	-	7
2.	संख्या ज्ञान की समझ	-	1	-
		-	15	6
		-	24	-
3.	संक्रियाओं की समझ	-	-	-
		43	5	-
		-	19	32
4.	मापन की समझ	–	8	-
		-	-	2
		-	4	-
5.	आँकड़ों का प्रबन्धन एवं पैटर्न की समझ	-	5	-
		-	13	-
		-	10	-
	कुल = 18	**2**	**11**	**5**

नोट : अधिगम क्षेत्रवार व प्रश्नों के प्रकार में प्रश्नों का जो क्रमांक दिया गया है, वह प्रश्नों का सम्बन्धित क्षेत्र के प्रश्न बैंक का क्रमांक है।

3

योगात्मक आकलन हेतु लिखित आकलन टूल नमूना पत्रक

प्रस्तावना

सामान्यतः पेपर–पेंसिल टेस्ट को लिखित आकलन का एक प्रमुख टूल माना जाता रहा है तथा हमारी शिक्षण व्यवस्था में बच्चों के सीखने–सिखाने का आकलन करने के लिए इसका उपयोग भी लम्बे समय से होता रहा है। इस कारण इसके प्रति हमारी आस्था भी बहुत गहरी है। इसके अलावा दूसरी बात यह भी बहुत प्रबल है कि सामान्यतः परम्परागत शिक्षण में विद्यालय लिपि पर काम कराते हैं या यह कहें कि विद्यालय पढ़ना–लिखना सिखाने पर अधिक जोर देते हैं। जिसका आकलन भी लिखित में करना अधिक पसंद करते हैं।

आगामी पृष्ठ पर दिए गए आकलन टूल को पूर्व पाठ में दिए गए ब्लूप्रिंट के अनुरूप बनाया गया है। इस तरह का अभ्यास एक उपयुक्त, प्रमाणिक एवं टिकाऊ टूल बनाने की प्रक्रिया में शिक्षक को ले जाता है तथा इस तरह के टूल के माध्यम से शिक्षक बच्चों के बारे में आवश्यक एवं उपयोगी सूचना एकत्रित कर सकता है तथा अपनी योजना को बच्चों के अधिक उपयुक्त बना सकता है।

कुछ क्षमताएँ इस प्रकार की हैं, जिनका आकलन लिखित व मौखिक दोनों प्रकार से किया जाता है, जैसे– इकाई, दहाई व सैंकड़े के अंतर्संबंध की समझ बनाना, गिनती बोलने व लिखने की समझ एवं कुछ क्षमताएँ इस प्रकार की भी हैं जिनका आकलन केवल मौखिक ही किया जा सकता है, जैसे– उच्च स्तरीय कौशलों की समझ का आकलन करना। कक्षा–1 व 2 के लिए जो टूल का नमूना रखा गया है, उसमें 15 प्रश्न रखे गये हैं। तृतीय योगात्मक आकलन तक जिन अधिगम क्षेत्रों पर काम हुआ है। उन अधिगम क्षेत्रों पर आधारित ही प्रश्न रखे गये हैं। यहाँ पर आगे आने वाली टर्म में पिछली टर्म की बुनियादी क्षमताओं को पुनः दोहराया गया है। इस व्यवस्था को इसलिए लागू किया गया है ताकि बच्चों के सीखने को सुनिश्चित किया जा सके। अतः बुनियादी क्षमताओं पर आधारित टूल में बुनियादी क्षमताओं पर आधारित प्रश्न डालने होंगे। ताकि एक कक्षा के लिए लम्बा टूल नहीं बने।

यहाँ पर टूल का जो नमूना दिया गया है वह कक्षा स्तर की क्षमताओं के सापेक्ष है। अतः कक्षा स्तर के बच्चों के आकलन में इसका उपयोग कर सकते हैं। कक्षा स्तर से नीचे के बच्चों का आकलन करने के लिए आपको अपने बच्चों की स्थिति के अनुरूप बुनियादी क्षमताओं पर आधारित आइटम बदलकर टूल बनाना होगा।

द्वितीय योगात्मक आकलन

विषय : गणित **कक्षा : 3**

शाला का नाम : ..... रोल नं. : .....

विद्यार्थी का नाम : ..... दिनांक : .....

(अ) आकृति एवं स्थान की समझ

1. गोल घेरे जैसी आकृति बनाने के लिए किसकी सहायता लेते हैं? (याद रखना)
   (अ) माचिस की डिब्बी (ब) पुस्तक (स) पांच रुपये का सिक्का (द) पासा ( )

2. नीचे दी गई चीज़ों को ट्रेस करने पर कैसी आकृति बनेगी? सामने बने खाने में बनाइए – (समझना)



3. झोंपड़ी, साइकिल एवं बाल्टी सामने से देखने पर कैसी दिखेंगी? चित्र बनाकर बताइए – (अनुप्रयोग करना)



4. चीज़ों के लिए गए नामों को नीचे बनी सारणी के अनुसार छाँटकर लिखिए – (अनुप्रयोग करना)
   टंकी, बोतल, बॉल, रबड़, डिब्बा, संतरा, अलमारी, कूलर, पेंसिल, आलू, गिलास, सिलेण्डर आदि

जो केवल लुढ़कती हैं	जो केवल सरकती हैं	जो सरकती व लुढ़कती हैं

(ब) संख्या ज्ञान की समझ

5. मिलान कीजिए – (समझना)

दो सौ उन्तालीस	444
तीन सौ पाँच	350
सात सौ नवासी	305
तीन सौ पचास	239
चार सौ चवालीस	789

6. नीचे बनी तीलियों की संख्या बंडल एवं खुल्लों के आधार पर लिखिए – (अनुप्रयोग करना)



सैंकड़ा	दहाई	इकाई	संख्या

7. सुरेश ने संख्या 222 के टुकड़े करके 200 + 20 + 2 लिखा। आप भी इसी प्रकार निम्नलिखित संख्याओं के टुकड़े करके लिखिए – (समझना)

(क) 252 = ... + ... + ...

(ख) 319 = ... + ... + ...

(ग) 480 = ... + ... + ...

(घ) 307 = ... + ... + ...

8. दी गई राशियों (संख्याओं) के मध्य कम (<), ज्यादा (>), बराबर (=) के चिन्ह लगाइए – (समझना)



(स) संक्रियाओं की समझ

9. 3 बार 7 बराबर होता है – (याद रखना)

(अ) 3+3+3+3 (ब) 3+3+3+3+3

(स) 7+7+7+7+7 (द) 7+7+7 ( )

10. मोतीमाला की मदद से जोड़कर देखिए और सही जगह कार्ड लटकाइए। (समझना)



11. हल कीजिए – (समझना)

(क)
```
  2 5 0
+ 7 4 0
-------
```

(ख)
```
  4 2 7
+ 6 8
-------
```

(ग)
```
  3 8 5
+ 2 7 8
-------
```

12. मंगलराम ने अपने खेत में बाग लगाया। उसने 265 नींबू के पेड़, 145 आँवले के पेड़ एवं 135 सेब के पेड़ लगाए। बताइए मंगलराम ने अपने बाग में कुल कितने पेड़ लगाए ? (अनुप्रयोग करना)



(द) मापन की समझ

13. नीचे दिए नोटों व सिक्कों की कुल राशि बताइए – (अनुप्रयोग करना)

.....

14. बताइए – **(समझना)**

(क) कौन–सा दिन आपको सबसे ज़्यादा पसंद है? ----------

(ख) आज कौन–सा दिन है? ----------

(ग) कल कौन–सा दिन था? ----------

(घ) कल कौन–सा दिन होगा? ----------

(ङ) परसों कौन–सा दिन होगा? ----------

(च) परसों कौन–सा दिन था? ----------

(छ) परसों से ठीक दो दिन पहले कौन–सा दिन था? ----------

(ज) परसों से ठीक तीन दिन बाद कौन–सा दिन होगा? ----------

15. 1000 रुपये का नोट 50–50 रुपये के कितने नोटों के बराबर होता है? लिखिए – **(समझना)**

(य) आँकड़ों का प्रबन्धन एवं पैटर्न की समझ

16. पैटर्न को आगे बढ़ाइए – **(समझना)**



17. पैटर्न के नियम का पता लगाइए और पैटर्न को आगे बढ़ाइए – **(समझना)**



18. यहाँ बढ़ते हुए पैटर्न को देखिए और पता लगाइए कि अगली संख्या को पाने के लिए हर संख्या में कितना जोड़ना होगा? (समझना)

(क)	1	3	6	10	.....	.....	.....	.....
(ख)	0	2	6	12	.....	.....	.....	.....
(ग)	1	3	7	13	.....	.....	.....	.....
(घ)	2	3	6	11	18	.....	.....	.....

शिक्षक टिप्पणी .....

.....

.....

.....

.....

शिक्षक का नाम एवं हस्ताक्षर दिनांक : .....

4

योगात्मक आकलन हेतु मौखिक आकलन टूल नमूना पत्रक

प्रस्तावना

जैसा कि पाठ–3 में बताया गया है कि कुछ क्षमताओं का आकलन लिखित एवं मौखिक दोनों तरीके से तथा कुछ क्षमताओं का आकलन केवल मौखिक गतिविधि करवाकर ही किया जा सकता है। कभी–कभी ऐसा भी होता है कि कुछ बच्चे अवधारणाओं की समझ तो रखते हैं, लेकिन उनकी लिखित अभिव्यक्ति स्पष्ट नहीं होती तथा ऐसे ही कुछ बच्चों की मौखिक अभिव्यक्ति ठीक नहीं होती, जिसके कारण उनका ठीक से आकलन नहीं हो पाता है। आकलन ठीक से नहीं हो पाने की स्थिति में बच्चों का सीखना–सिखाना काफी प्रभावित रहता है।

यहाँ पर कक्षा एवं टर्म के अनुसार मौखिक आकलन की गतिविधियाँ दी गई हैं। आप इस तरह का भी टूल बना सकते हैं। जिसमें गतिविधि कक्षा–1 से लेकर 5 तक की क्षमताओं का आकलन कर पाए। उदाहरण के लिए नीचे दिए अनुसार सोच सकते हैं –

एक संख्या चार्ट बनाएँ, जिस पर संख्याएँ एक अंक से लेकर चार या पाँच अंक तक लिखी हों और बच्चों से नीचे से या ऊपर से, बढ़ते या घटते क्रम में पढ़वाएँ। इसके आधार पर बच्चों का स्तर तय किया जा सकता है। इसी तरह संक्रिया ज्ञान के लिए भी नीचे दिए अनुसार सोच सकते हैं –

बच्चों को गोल घेरे में बिठाकर वस्तु पास गतिविधि करवाएँ तथा वस्तु को समूह में किसी आवाज़ के साथ जोड़कर पास करवाएँ तथा समूह के मध्य में 1 से 9 तक अंक लिखे कार्ड डाल देवें। गतिविधि के दौरान जहाँ वस्तु रुके, वह बच्चा खड़ा होकर आए तथा कार्ड के समूह से कोई दो कार्ड उठाए। अब शिक्षक या बच्चे स्तरानुसार नीचे दिए अनुसार प्रश्न करें। जैसे –

- दोनों अंकों का जोड़ या घटा क्या होगा ?
- दोनों अंकों का गुणा क्या होगा ?
- दोनों अंकों से मिलकर बनी बड़ी व छोटी संख्या का जोड़, घटाव व गुणा पर आधारित प्रश्न पूछना।

(अ) आकृति एवं स्थान की समझ

गतिविधि–1 : परिवेशीय चीजों (चॉक का डिब्बा व मिठाई का डिब्बा) को खोलकर द्विआयामी आकृतियों का पृष्ठीय विकास करवाना।

या

ईंट, माचिस की डिब्बी, संदूक, पासा आदि के किनारे व कोने गिनवाना।

(ब) संख्या ज्ञान की समझ

गतिविधि–2 : शिक्षक बच्चों को 100, 10 व खुली तीलियों की मदद से बण्डल एवं खुली तीलियों की संख्या पूछने के काम करें। जैसे– 100 तीलियों के 3 बण्डल और 10 तीलियों के 4 बण्डल हैं तो बताइए कुल मिलाकर कितनी तीलियाँ हुईं?

या

शिक्षक बच्चों से कहें कि मान लेते हैं ताली दहाई के लिए व चुटकी इकाई के लिए बजाई जाती है, तो ताली और चुटकी गिनकर संख्या बनाइए। (शिक्षक अलग–अलग संख्या में ताली व चुटकी बजाकर बच्चों से संख्या पूछ सकता है।)

(स) संक्रियाओं की समझ

गतिविधि–3 : गिनमाला व मोतीमाला की सहायता से जोड की अवधारणा से संबधित प्रश्न पूछना।

या

दैनिक जीवन या परिवेश पर आधारित इबारती प्रश्न पूछते हुए जोड व घटाव की संक्रिया को समझना।

(द) मापन की समझ

गतिविधि–4 : चिल्ड्रन बैंक के नोट एवं चित्रों की सहायता से 100 रुपये तक में कितने प्रकार से खुल्ले करवा सकते हैं इसकी समझ विकसित करना।

या

कैलेण्डर लेकर प्रत्येक विद्यार्थी से अलग–अलग दिनांक, वार व वर्ष पूछना।

(य) आँकड़ों का प्रबन्धन एवं पैटर्न की समझ

गतिविधि–5 : शिक्षक कंकड़, पत्ती, तीलियाँ बच्चों के सामने रखें और बच्चों से इन तीन चीज़ों से निर्मित सरल से जटिल पैटर्न बनवाएँ।

या

बॉर्डर, कपड़ों की डिज़ाइन, दिनचर्या के पैटर्न पर आधारित गतिविधियों के प्रश्न पूछना।

5

योगात्मक आकलन प्रपत्र बनाने हेतु विभिन्न प्रकार के लिखित प्रश्नों का संग्रह

प्रस्तावना

आगामी पृष्ठों पर अधिगम क्षेत्रवार एवं कौशलवार प्रश्न दिए गए हैं। इस पूल में दिए गए आइटम से ब्लूप्रिंट के अनुसार उपयुक्त चयन करके आपको योगात्मक आकलन के लिए लिखित प्रश्न पत्र का निर्माण करना है। प्रश्न निर्माण हेतु ब्लूप्रिंट पूर्व में दिए अनुसार निर्धारित किया जा सकता है या पूर्व में निर्धारित ब्लूप्रिंट को काम में लिया जा सकता है। आगे आपको जो भी टूल बनाने होंगे, उनको बनाने में उक्त पूल का सहयोग लिया जा सकता है।

टूल बनाते समय इस बात का ध्यान विशेष रूप से रखना होगा कि प्रत्येक टर्म के लिए जो बुनियादी है उसे आगामी टर्म के पाठ्यक्रम पर काम करने के आधार के रूप में समझा जायेगा। इसलिए शुरुआती जिस भी टर्म में बुनियादी क्षमताएँ आ चुकी हैं, वे आगामी टर्मों में दोहराई जाएंगी। राज्य में संचालित स्कीम में यह व्यवस्था इसीलिए की गई है ताकि बच्चों के सीखने में शैक्षणिक अंतर ना रहें।

जो बच्चे अपनी कक्षा के स्तर पर नहीं हैं उन बच्चों के योगात्मक आकलन हेतु बुनियादी क्षमताओं पर आधारित आइटम उस कक्षा स्तर के आइटम पूल से लेने होंगे जिस स्तर पर अमुक टर्म में बच्चों के साथ काम कराया गया है। नमूने के लिए दिया गया टूल कक्षा स्तर की बुनियादी क्षमताओं को शामिल करने के विचार पर आधारित है। यदि आपको टूल में नीचे के कक्षा स्तर की बुनियादी क्षमताओं के आइटम लेने हैं तो आप उस कक्षा स्तर से ले सकते हैं।

इसका तात्पर्य सीधा–सीधा यही हुआ कि कक्षा स्तर के बच्चों का एक टूल होगा तथा कक्षा स्तर से नीचे के बच्चों के लिए अलग–अलग टूल होगा, जो आप अपनी कक्षा की स्थिति के अनुसार बना सकेंगे।

टर्म–1 व 2 के लिए

(अ) आकृति एवं स्थान की समझ

1. नीचे चित्रों में मिलान करके बताइए कि किस चीज़ को ट्रेस करने पर कौनसी आकृति बनेगी – (समझना)



2. नीचे दी गई चीज़ों को ट्रेस करने पर कैसी आकृति बनेगी? सामने बने खाने में बनाइए – (समझना)



3. मिलान करके बताइए कि कौनसी चीज़ ऊपर से देखने पर कैसी दिखेगी – (समझना)



4. चीज़ों के लिए गए नामों को नीचे बनी सारणी के अनुसार छाँटकर लिखिए – (अनुप्रयोग करना)

टंकी, बोतल, बॉल, रबड़, डिब्बा, संतरा, अलमारी, कूलर, पेंसिल, आलू, गिलास, सिलेण्डर आदि

जो केवल लुढ़कती हैं	जो केवल सरकती हैं	जो सरकती व लुढ़कती है

5. नीचे दी गई आकृतियों में से त्रिभुज, आयत, वर्ग व वृत्त को पहचान कर उनकी संख्या लिखिए– (अनुप्रयोग करना)





6. चित्र बनाकर बताइए कि ये चीज़ें ऊपर से देखने पर कैसी दिखेंगी? (अनुप्रयोग करना)



7. झोंपड़ी, साइकिल एवं बाल्टी सामने से देखने पर कैसी दिखेंगी? चित्र बनाकर बताइए – (अनुप्रयोग करना)

8. नीचे बनी चीज़ों के नाम लिखिए जो साइड से ऐसी दिखती हैं? (अनुप्रयोग करना)



9. अपनी गणित की पुस्तक के चारों ओर पेंसिल/चॉक घुमाने पर बनने वाली आकृति होगी–(अनुप्रयोग करना)

(अ) ☐ (ब) ▭ (स) △ (द) ⬭ ( )

10. नीचे तालिका में दी गई वस्तु को रखकर उसके चारों ओर पेंसिल घुमाने पर बनने वाली आकृति के कॉलम में सही का चिह्न लगाइए – (अनुप्रयोग करना)

वस्तु	☐	▭	⬭
ईंट			
सिक्का			
पासा			
माचिस की डिब्बी			
चूड़ी			

11. दो–दो वस्तुओं/चीजों के नाम लिखिए जिनके चारों ओर पेंसिल/चॉक घुमाने पर तालिका में दी गई आकृति जैसी आकृति बनती है – (अनुप्रयोग करना)

आकृति	वस्तुओं के नाम
▭	
⬭	

12. दी गई वस्तुओं में से उन वस्तुओं को अलग करें जिनके चारों ओर पेंसिल/चॉक घुमाने पर चौकोर आकृति बनती है। (अनुप्रयोग करना)

ईंट | माचिस | चूड़ी | सिक्का | पुस्तक | कटोरी

पीपा | पुस्तक | पासा | गिलास | थाली

13. उस वस्तु का नाम बताइए जिसके चारों ओर पेंसिल/चॉक घुमाने पर गोल घेरे ⬭ जैसी आकृति बनती है। (याद रखना)

14. गोल घेरे जैसी आकृति बनाने के लिए किसकी सहायता लेते – (याद रखना)

(अ) माचिस की डिब्बी (ब) पुस्तक (स) पांच रुपये का सिक्का (द) पासा ( )

15. दिए गए डिब्बे के चित्र में कोनों एवं किनारों को गिनकर उनकी संख्या लिखिए – (समझना)

(क) कोनों की संख्या = ...

(ख) किनारों की संख्या = ...



16. अपने कक्षा–कक्ष के कोनों एवं किनारों को गिनकर उनकी संख्या बताइए – (समझना)

(क) कोनों की संख्या = ...

(ख) किनारों की संख्या = ...

17. ईंट की कुल कितनी सतह होती हैं ? बताइए – (समझना)

सतह = ...

18. अपनी गणित की पुस्तक में कुल सतह हैं – (समझना)

(अ) 6 (ब) 4 (स) 2 (द) 1 ( )

19. बिना ढक्कन की घनाभाकार टंकी की कुल कितनी सतह होगी – (समझना)

(अ) 6 (ब) 5 (स) 4 (द) 3 ( )

20. ऐसी दो वस्तुओं के नाम लिखिए, जिनके किनारे तो होते हैं लेकिन कोने नहीं होते हैं। (अनुप्रयोग करना)

.....

21. ऐसी दो वस्तुओं के नाम बताइए, जिनके किनारे व कोने दोनों होते हैं। (अनुप्रयोग करना)

.....

22. कप की डंडी को अलग–अलग दिशाओं में रखकर कब को देखने पर कैसा दिखता है? चित्र से मिलान कीजिए। **(अनुप्रयोग करना)**

कप की डंडी सामने रखने पर	
कप की डंडी दांयी ओर रखने पर	
कप की डंडी बांयी ओर रखने पर	
कप की डंडी पीछे रखने पर	

23. कार/बस का साइड व्यू बनाइए – **(अनुप्रयोग करना)**

24. माचिस की डिब्बी का साइड व्यू बनाइए – **(अनुप्रयोग करना)**

25. एक पासे को रखकर अलग–अलग दिशाओं के उसका चित्र बनाइए – **(अनुप्रयोग करना)**

(क) ऊपर से देखने पर

(ख) सामने से देखने पर

(ग) दायीं साइड से देखने पर

(घ) बायीं साइड से देखने पर

(ङ) पीछे से देखने पर

(ब) संख्या ज्ञान की समझ (1 से 500 तक)

1. मिलान कीजिए – (समझना)

दो सौ उनतालीस	444
तीन सौ पाँच	350
सात सौ नवासी	305
तीन सौ पचास	239
चार सौ चवालीस	789

2. शब्दों में लिखी संख्याओं को विस्तारित रूप एवं अंकों में लिखिए – (समझना)

शब्दों में	विस्तारित रूप	अंकों में
एक सौ उन्चास	100 + 40 + 9	149
सात सौ पचास	..... + ... +.....	.....
छः सौ उन्हत्तर	..... + ... +.....	.....
आठ सौ अठ्यासी	..... + ... +.....	.....
सात सौ सात	..... + ... +.....	.....

3. संख्याओं को अंकों से शब्दों से अंकों में लिखिए – (समझना)

अंकों में	शब्दों में	अंकों में	शब्दों में
121	एक सौ इक्कीस	131	.....
122	.....	132	.....
125	.....	.....	एक सौ पैंतीस
.....	एक सौ सत्तावन	344	.....
161	.....	444	.....
188	.....	.....	चार सौ निन्यानवे
.....	एक सौ नवासी	600	.....

4. संख्या रेखा पर पैटर्न को समझते हुए खाली जगहों में आने वाली संख्याएँ लिखिए – (अनुप्रयोग करना)

5. शब्दों में लिखी संख्या को अंकों में लिखिए – (समझना)

एक हजार पाँच सौ पच्चीस = ...	तीन हजार पाँच सौ = ...
एक हजार एक सौ ग्यारह = ...	पाँच हजार पचास = ...

6. नीचे बनी तीलियों की संख्या बंडल एवं खुल्लों के आधार पर लिखिए – (अनुप्रयोग करना)



सैंकड़ा	दहाई	इकाई	संख्या

7. गिन तारे में गोटियाँ गिनकर संख्या लिखिए – (समझना)



8. नीचे बनी तीलियों की संख्या बंडल एवं खुल्लों के आधार पर लिखिए – (अनुप्रयोग करना)



सैकड़ा	दहाई	इकाई	संख्या

9. दी गई संख्या को संख्या रेखा पर प्रदर्शित कीजिए – (समझना)

79 को प्रदर्शित कीजिए–

360 को प्रदर्शित कीजिए–



705 को प्रदर्शित कीजिए–



10. पढ़िए और सही मिलान कीजिए – (समझना)

दो सौ उनतालीस	तीन सौ पाँच	सात सौ नवासी	तीन सौ पचास
305	350	239	789

11. दी गई संख्याओं को संख्या रेखा पर प्रदर्शित कीजिए – (समझना)

(क) नीचे वाली रेखा पर 30, 35, 50 और 55 को दिखाइए –



(ख) नीचे वाली रेखा पर 26, 46, 67, 14 और 63 को दिखाइए –



(ग) नीचे वाली रेखा पर 7, 30, 51, 89 और 96 को दिखाइए –



12. संख्याओं को विस्तारित रूप एवं शब्दों में लिखिए – (समझना)

संख्या	विस्तारित रूप	शब्दों में
349	300 + 40 + 9	तीन सौ उन्चास
770	..... + ... + ...	.....
303	..... + ... + ...	.....
555	..... + ... + ...	.....
888	..... + ... + ...	.....

13. संख्याओं में तुलना कीजिए और छोटा है, बड़ा है या बराबर है लिखिए – (समझना)

28 ☐ 82 ☐	87 ☐ 78 ☐	35+15 ☐ 50 ☐

14. सबसे बड़ी एवं सबसे छोटी संख्या पर घेरा कीजिए – (अनुप्रयोग करना)

69 , 45 , 56 , 78 , 86 , 92	81 , 73 , 99, 55, 69 , 79

15. दी गई राशियों (संख्याओं) के मध्य कम (<), ज्यादा (>), बराबर (=) के चिन्ह लगाइए – (समझना)



16. दो अंकों की सबसे बड़ी संख्या लिखिए – (अनुप्रयोग करना)

17. चित्र संकेतीकरण के आधार पर संख्या निर्माण कीजिए – (समझना)



18. सम संख्याओं पर गोला लगाइए – (अनुप्रयोग करना)

20 , 18 , 11 , 14 , 9 , 25 , 19 , 7 , 24 , 16

19. अंकों में लिखिए – (समझना)

दो सौ पैंसठ = ...	तीन सौ पाँच = ...
पाँच सौ सत्तर = ...	तीन सौ उन्यासी = ...

20. संख्या 317 को पढ़ा जाता है – (याद रखना)

(अ) तीन एक सात (ब) सात एक तीन (स) तीन सौ सत्रह (द) सात सौ तेरह ( )

21. सत्य/असत्य कथनों को छाँटिए – (याद रखना)

(क) संख्या 108 को आठ सौ एक पढ़ा जाता है। (सत्य/असत्य)

(ख) संख्या 479 को चार सौ उनासी पढ़ा जाता है। (सत्य/असत्य)

22. क्रम में आने वाली संख्याओं को लिखिए – (याद रखना)

(क) 211 , 212 , 213 , ... , ... , ... , 217 , ... , ... , 220

(ख) 491 , ... , 493 , ... , ... , 496 , ... , ... , ... , 500

23. निम्नलिखित संख्याओं को पढ़िए और छूटी हुई संख्याएँ लिखिए – (याद रखना)

(क) 117 , 118 , ... , ... , ... , ... , ... , ... , ... , ... , 125 , 126

(ख) 409 , ... , ... , ... , ... , ... , ... , ... , ... , 418

24. सुरेश ने संख्या 222 के टुकड़े करके 200+20+2 लिखा। आप भी इसी प्रकार निम्नलिखित संख्याओं के टुकड़े करके लिखिए – (समझना)

(क) 252 = ... + ... + ...

(ख) 319 = ... + ... + ...

(ग) 480 = ... + ... + ...

(घ) 307 = ... + ... + ...

25. 300+20+5 को 325 लिखा जाता है, आप भी इसी प्रकार निम्नलिखित संख्याओं को लिखिए– (समझना)

(क) 200 + 50 + 7 = ... (ख) 100 + 70 + 3 = ...

(ग) 400 + 30 + 0 = ... (घ) 300 + 0 + 6 = ...

26. सत्य और असत्य छाँटिए – (समझना)

(क) 300 + 80 + 2 = 382 (सत्य / असत्य)

(ख) 200 + 40 + 9 = 394 (सत्य / असत्य)

(ग) 469 = 400 + 90 + 6 (सत्य / असत्य)

(घ) 607 = 600 + 0 + 7 (सत्य / असत्य)

27. संख्या 437 का विस्तारित रूप है – (समझना)

(अ) 700+30+4 (ब) 400+30+7 (स) 400+70+3 (द) 700+30+4 ( )

28. 200+70+5 की संख्या है – (समझना)

(अ) 572 (ब) 527 (स) 275 (द) 257 ( )

29. सत्य / असत्य कथनों को छाँटिए – (समझना)

(क) संख्या 412 का विस्तारित रूप 400+10+2 है। (सत्य / असत्य)

(ख) विस्तारित रूप 300+60+5 की संख्या 356 होती है। (सत्य / असत्य)

(ग) संख्या 260 का विस्तारित रूप 200+0+6 होता है। (सत्य / असत्य)

(घ) विस्तारित रूप 400+0+7 की संख्या 407 होती है। (सत्य / असत्य)

30. निम्नलिखित संख्याओं का विस्तारित रूप लिखिए – (समझना)

(क) 115 = ... + ... + ...

(ख) 213 = ... + ... + ...

(ग) 330 = ... + ... + ...

(घ) 404 = ... + ... + ...

31. निम्नलिखित विस्तारित रूप की संख्याएँ लिखिए – (समझना)

(क) 300 + 30 + 3 = ... (ख) 200 + 70 + 5 = ...

(ग) 100 + 0 + 7 = ... (घ) 400 + 50 + 0 = ...

32. संख्या 312 के ठीक बाद आने वाली संख्या है – (याद रखना)

(अ) 311 (ब) 313 (स) 211 (द) 213 ( )

33. संख्या 168 के ठीक पहले आने वाली संख्या है – (याद रखना)

(अ) 167 (ब) 169 (स) 861 (द) 869 ( )

34. सत्य और असत्य छाँटिए – **(याद रखना)**

(क) संख्या 260 के ठीक बाद आने वाली संख्या 259 है। (सत्य / असत्य)

(ख) संख्या 470 के ठीक पहले आने वाली संख्या 469 है। (सत्य / असत्य)

(ग) संख्याओं 216 और 126 में 216 बड़ी संख्या है। (सत्य / असत्य)

(घ) संख्याओं 413 एवं 314 में 413 छोटी संख्या है। (सत्य / असत्य)

35. निम्नलिखित संख्याओं के ठीक बाद में आने वाली संख्या लिखिए – **(याद रखना)**

(क) 389 = ... (ख) 412 = ...

(ग) 208 = ... (घ) 117 = ...

36. निम्नलिखित संख्याओं के ठीक पहले आने वाली संख्या लिखिए – **(याद रखना)**

(क) ....., 130 (ख) ....., 222

(ग) ....., 369 (घ) ....., 478

37. संख्या 307 को शब्दों में लिखा जाता है – **(समझना)**

(अ) सैंतीस (ब) तीन सौ सात (स) तीन सौ सत्तर (द) तीन सौ तीन ( )

38. चार सौ नवासी को अंकों में लिखा जाता है – **(याद रखना)**

(अ) 489 (ब) 479 (स) 469 (द) 459 ( )

39. संख्या ३२१ को अन्तर्राष्ट्रीय अंकों में लिखा जाता है – **(समझना)**

(अ) 423 (ब) 432 (स) 353 (द) 321 ( )

40. संख्या 497 को देवनागरी अंकों में लिखा जाता है – **(समझना)**

.....

41. निम्नलिखित संख्याओं को अंकों में लिखिए – **(याद रखना)**

(क) तीन सौ बहत्तर = ... (ख) चार सौ सड़सठ = ...

(ग) चार सौ नौ = ... (घ) दो सौ उन्नासी = ...

42. निम्नलिखित संख्याओं को शब्दों में लिखिए – **(याद रखना)**

(क) 269 = ... (ख) 359 = ...

(ग) 470 = ... (घ) 405 = ...

43. अंक 2, 3 व 5 से बनने वाली 3 अंकों की सर्वसम्भव संख्याएँ लिखिए, जिनमें कोई भी अंक का दोहरान नहीं हो। **(अनुप्रयोग करना)**

.....

44. तीन अंकों की सबसे बड़ी संख्या लिखिए, जिसका दहाई का अंक 5 हो। **(अनुप्रयोग करना)**

.....

45. तीन अंकों की सबसे छोटी संख्या लिखिए, जिसका दहाई का अंक 9 व सैंकड़े का अंक 5 हो। **(अनुप्रयोग करना)**

.....

(स) संक्रियाओं की समझ

1. बण्डल व खुल्लों की मदद से जोड़िए – (समझना)



2. समझ कर जोड़िए, चित्र बनाकर और लिखकर बताइए – (समझना)



3. जोड़ कीजिए – (समझना)

26 +15	35 +55	62 +29	89 + 3

4. जोड़ कीजिए – (समझना)

35 + 17 = ☐	68 + 17 = ☐	38 + 27 = ☐
25 + 37 = ☐	27 + 48 = ☐	18 + 47 = ☐

5. इन सवालों को मोतीमाला की मदद से जोड़कर देखिए और सही जगह कार्ड लटकाइए। (समझना)





6. किन–किन संख्याओं को जोड़ने पर योगफल 15 आएगा – (अनुप्रयोग करना)

10	+	5	=	15	☐	+	☐	=	15
☐	+	☐	=	15	☐	+	☐	=	15

7. 23+46 का योगफल 69 है। अलग–अलग तरीके से जोड़कर बताएँ कि किन–किन संख्याओं को जोड़ने पर योगफल 69 आएगा। (अनुप्रयोग करना)

☐	+	☐	=	69	☐	+	☐	=	69
☐	+	☐	=	69	☐	+	☐	=	69

8. संख्याओं को अलग–अलग योजन खण्डों के रूप में लिखिए – (अनुप्रयोग करना)



9. हल कीजिए – (समझना)



10. हल कीजिए – (समझना)

2 0	1 4	1 7
+ 3 0	+ 1 9	+ 1 3
_____	_____	_____
_____	_____	_____

11. हल कीजिए – (समझना)

18 + 16 = ... 18 + 16 = ...

12. बण्डल व खुल्लों की मदद से बाकी कीजिए, संख्या लिखिए व चित्र भी बनाइए – (समझना)



13. घटाइए – (समझना)

3 8	4 5	7 7	8 5
- 2 7	- 1 8	- 2 8	- 2 6
_____	_____	_____	_____

14. घटाइए – (समझना)

44 - 27 = ☐ 76 - 67 = ☐ 56 - 18 = ☐ 43 - 34 = ☐

15. दहाई = △, इकाई = ○ मानते हुए चित्र संकेतीकरण की मदद से घटाव कीजिए – (अनुप्रयोग करना)

(i)	8 5 - 4 3 _____	
(ii)	8 5 - 4 8 _____	

16. जोड़–घटाव के सवाल हल कीजिए – (समझना)

(i) 45 + 38 =		(ii) 62 - 40 =	
(iii) 61 - 19 =		(iv) 78 + 21 =	

17. 17+12 का मान है – (समझना)

(अ) 12 (ब) 17 (स) 19 (द) 29 ( )

18. सत्य एवं असत्य कथनों को छाँटिए – (याद रखना)

(क) संख्याओं 8 एवं 1 का योगफल 8 होता है। (सत्य/असत्य)

(ख) संख्याओं 13 एवं 0 का योगफल 13 होता है। (सत्य/असत्य)

(ग) संख्याओं 11 एवं 11 का योगफल 22 होता है। (सत्य/असत्य)

(घ) संख्याओं 0 एवं 18 का योगफल 0 होता है। (सत्य/असत्य)

19. हल कीजिए – (समझना)

(क) 2 5 6 + 7 4 8 = _____

(ख) 4 2 7 + 6 8 = _____

(ग) 3 8 5 + 2 7 8 = _____

20. लकीरों की मदद से हल कीजिए – (अनुप्रयोग करना)



21. जोड़ कीजिए – (समझना)



22. खाली बॉक्स में क्या आएगा ? लिखिए। (समझना)



23. खाली बॉक्स में क्या आएगा ? लिखिए। (समझना)

☐ + 22 = 34	☐ + 23 = 51
☐ + ☐ = 38	☐ + ☐ = 47

24. बण्डल व खुल्लों की मदद से घटाइए – (अनुप्रयोग करना)



25. नीचे दिए घटाव के सवालों को हल कीजिए – (समझना)

○○	○○	○○	○○
645	745	525	608
-420	-465	-248	-389
_____	_____	_____	_____

26. घटाइए – (अनुप्रयोग करना)



27. घटाइए – (समझना)

○○○	○○○	○○○	○○○
7454	9494	5494	9005
−2448	−2578	−2978	−2998
☐	☐	☐	☐

28. मनीष ने 32 रुपये का एक लीटर दूध खरीदा। उसने दुकानदार को 50 रुपये का नोट दिया हो तो बताइए दुकानदार ने मनीष को कितने रुपये लौटाए? (अनुप्रयोग करना)



29. नीचे दिए व्यंजक में जितना जोड़ना है, उतना ही घटाना है। बताइए वह संख्या क्या होगी? (अनुप्रयोग करना)

(क) 15 + ☐ = 25 - ☐ (ख) 27 - ☐ = 13 + ☐

30. एक परिवार में माता की आय 7670 रुपये व पिता की आय 6700 रुपये है। परिवार की कुल आय कितने रुपये है। (अनुप्रयोग करना)

31. एक पेटू छिपकली एक बिल से दूसरे बिल की ओर बढ़ती है। जैसे–जैसे बढ़ती है, बिल में छिपे कीड़ों को वह खाती है। छिपकली चित्र में दर्शाए रास्तों पर ही चल सकती है – (अनुप्रयोग करना)

उदाहरण के लिए –

⑥ + ③ + ⑨ + ⑧ = 26

◯ + ◯ + ◯ + ◯ = 23



32. मंगलराम ने अपने खेत में बाग लगाया। उसने 265 नींबू के पेड़, 145 आँवले के पेड़ एवं 135 सेब के पेड़ लगाए। बताइए मंगलराम ने अपने बाग में कुल कितने पेड़ लगाए ? (अनुप्रयोग करना)



33. 56 – 23 का मान है – (समझना)

(अ) 23 (ब) 33 (स) 56 (द) 79 ( )

34. जोड़ के सवाल हल कीजिए – (समझना)



35. क्रम विनिमेयता को समझते हुए हल कीजिए – (समझना)

12 + 17 = 17 + ...

38 + 64 = ... + 38

36. हल कीजिए – (समझना)

35 + 38 = ☐

$$\begin{array}{r} 57 \\ +\,64 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

37. सत्य एवं असत्य कथनों को छाँटिए – **(समझना)**

(क) 18–10 का मान 8 है। (सत्य / असत्य)

(ख) 56–26 का मान 42 है। (सत्य / असत्य)

(ग) 14–3 का मान 10 है। (सत्य / असत्य)

(घ) 24–24 का मान 0 है। (सत्य / असत्य)

38. एक बस में 25 यात्री बैठे थे, इनमें से 18 यात्री उतर गये। बताइए, अब बस में कितने यात्री रहे? **(अनुप्रयोग करना)**

39. महेश ने 20 रुपये में से 5 रुपये खर्च कर दिए, तो बताइए उसके पास कितने रुपये शेष बचे? **(अनुप्रयोग करना)**

(अ) 20 रुपये (ब) 15 रुपये (स) 10 रुपये (द) 5 रूपये ( )

40. सत्य / असत्य कथनों को छाँटिए – **(समझना)**

(क) 5 में 7 जोड़ने पर 12 प्राप्त होते हैं। (सत्य / असत्य)

(ख) 72 में से 5 घटाने पर 67 प्राप्त होते हैं। (सत्य / असत्य)

(ग) 60 − 7 = 67 होते हैं। (सत्य / असत्य)

(घ) 18 − 7 = 13 होते हैं। (सत्य / असत्य)

41. रानी के पास 66 रुपये हैं। उसने 26 रुपये का सामान खरीदा। ज्ञात कीजिए कि उसके पास कितने रुपये शेष बचे? **(अनुप्रयोग करना)**

42. एक गुब्बारे वाले के पास 19 गुब्बारे लाल एवं 25 गुब्बारे पीले हैं; तो ज्ञात कि उसके पास कुल कितने गुब्बारे हैं? **(अनुप्रयोग करना)**

43. 3 बार 7 बराबर होता है – **(याद रखना)**

(अ) 3+3+3+3 (ब) 3+3+3+3+3 (स) 7+7+7+7+7 (द) 7+7+7 ( )

44. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – **(याद रखना)**

(क) 3 + 3 + 3 + 3 = 4 बार 3 = ...

(ख) 8 + 8 + 8 + 8 + 8 = 5 बार .....

(ग) 3 बार 9 = ...

(घ) 4 बार 5 = ...

45. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – **(समझना)**

(क) 12 × 7 = ...

(ख) 35 × 5 = ...

(ग) 16 × 2 = ...

(घ) 18 × 4 = ...

46. एक डिब्बे में 7 लड्डुओं की 9 कतारें हैं। डिब्बे में कुल कितने लड्डू हैं – **(समझना)**

(अ) 63 लड्डू (ब) 54 लड्डू (स) 45 लड्डू (द) 27 लड्डू ( )

47. भाग 'अ' का भाग 'ब' से मिलान कीजिए – **(अनुप्रयोग करना)**

भाग 'अ'	भाग 'ब'
7 × 4	2 × 9
5 × 6	4 × 7
8 × 5	6 × 5
9 × 2	5 × 8

48. हल कीजिए – **(समझना)**

(क) $\begin{array}{r} 34 \\ \times\ 7 \\ \hline \end{array}$

(ख) $\begin{array}{r} 20 \\ \times\ 7 \\ \hline \end{array}$

(ग) 22 × 6 = ...

(घ) 40 × 8 = ...

49. सुरेश के पास 10 चॉकलेट है, वह उन्हें अपने 5 मित्रों में बराबर–बराबर बाँटता है, तो प्रत्येक को चॉकलेट मिलेगी – **(अनुप्रयोग करना)**

(अ) 2 (ब) 4 (स) 5 (द) 10 ( )

50. सत्य/असत्य कथनों को छाँटिए – **(अनुप्रयोग करना)**

18 आमों को बराबर – बराबर बाँटने पर –

(क) जब 2 बच्चे हों, तो प्रत्येक को 9 आम मिलेंगे। (सत्य/असत्य)

(ख) जब 3 बच्चे हों, तो प्रत्येक को 5 आम मिलेंगे। (सत्य/असत्य)

(ग) जब 6 बच्चे हों, तो प्रत्येक को 4 आम मिलेंगे। (सत्य/असत्य)

(घ) जब 9 बच्चे हों, तो प्रत्येक को 2 आम मिलेंगे। (सत्य/असत्य)

51. यदि एक पेन का मूल्य 5 रुपये है, तो 3 पेनों का मूल्य होगा – **(समझना)**

(अ) 3 रुपये (ब) 5 रुपये (स) 10 रुपये (द) 15 रुपये ( )

52. 6 लड्डुओं को 3 बच्चों में बराबर–बराबर बाँटने पर प्रत्येक बच्चे को लड्डू मिलेंगे– (अनुप्रयोग करना)

(अ) 6 लड्डू (ब) 3 लड्डू (स) 2 लड्डू (द) 1 लड्डू ( )

53. यदि एक पैकेट में 24 आम भरे जाएँ, तो 120 आम भरने के लिए ऐसे ही कितने पैकेट की आवश्यकता पड़ेगी? **(अनुप्रयोग करना)**

54. यदि एक अभ्यास पुस्तिका का मूल्य 60 रुपये है, तो 8 अभ्यास पुस्तिकाओं का मूल्य ज्ञात कीजिए। **(अनुप्रयोग करना)**

55. 'एकाधिक' का अर्थ है – **(याद रखना)**

(अ) एक कम (ब) एक अधिक (स) शून्य (द) न कम और नहीं अधिक ( )

56. 'न्यून' का अर्थ हैं– **(याद रखना)**

(अ) कम (ब) एक अधिक (स) शून्य (द) न कम और नहीं अधिक ( )

(द) मापन की समझ

1. नीचे दिए नोटों व सिक्कों की कुल राशि बताइए – **(समझना)**

.....

2. नीचे दिए नोटों व सिक्कों की कुल राशि बताइए – (अनुप्रयोग करना)

.....

3. नीचे दिए रुपयों और सिक्कों की कुल राशि ज्ञात कीजिए – (समझना)

(क)



..... + ... + ... + ... = ... रुपये

(ख)



..... + ... = ... रुपये

4. 1000 रुपये का नोट 50–50 रुपये के कितने नोटों के बराबर होता है? लिखिए – (समझना)

5. समान मात्रा के नोटों का सिक्कों से मिलान कीजिए – (समझना)



6. **कौनसा दिन आएगा –** **(याद रखना)**

(क) रविवार के ठीक बाद? ----------

(ख) रविवार से ठीक पहले? ----------

(ग) बुधवार के ठीक बाद? ----------

(घ) बुधवार से ठीक पहले? ----------

7. **कौनसा दिन आएगा –** **(याद रखना)**

(क) रविवार के ठीक दो दिन बाद? ----------

(ख) बुधवार के ठीक चार दिन बाद? ----------

(ग) शुक्रवार से ठीक तीन दिन पहले? ----------

(घ) गुरूवार से ठीक तीन दिन पहले? ----------

8. **बताइए –** **(समझना)**

(क) कौन–सा दिन आपको सबसे ज़्यादा पसंद है? ----------

(ख) आज कौन–सा दिन है? ----------

(ग) कल कौन–सा दिन था? ----------

(घ) कल कौन–सा दिन होगा? ----------

(ङ) परसों कौन–सा दिन होगा? ----------

(च) परसों कौन–सा दिन था? ----------

(छ) परसों से ठीक दो दिन पहले कौन–सा दिन था? ----------

(ज) परसों से ठीक तीन दिन बाद कौन–सा दिन होगा? ----------

9. **कैलेण्डर को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** **(अनुप्रयोग करना)**

कैलेण्डर – जून 2015

रविवार	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	गुरूवार	शुक्रवार	शनिवार
	1	2	3	4	5	6
7	8	9	10	11	12	13
14	15	16	17	18	19	20
21	22	23	24	25	26	27
28	29	30				

(क) रविवार कौन–कौनसी तारीख को आ रहा है ?

(ख) 15 तारीख को सोमवार है तो अगला सोमवार किस तारीख को आयेगा?

(ग) 30 तारीख को मंगलवार है तो आने वाली 1 जुलाई को कौनसा वार होगा?

(घ) 7 तारीख को रविवार है तो 24 तारीख को कौनसा वार होगा?

(ङ) 10 तारीख को कौनसा वार है ?

(च) माह में कुल कितने सप्ताह हैं ?

(छ) 12 जून से 25 जून तक कुल कितने दिन हैं ?

10. नीचे दिए वस्तुओं के मूल्य दिये गये है – **(अनुप्रयोग करना)**



1 रुपया	4 रुपये	15 रुपये	20 रुपये	25 रुपये	5 रुपये

(क) 1 गुब्बारा और 1 कॉपी खरीदनी हो तो आपको दुकानदार को कुल कितने रुपये देने होंगे?

